ट्राई का सख्त कदम, 1.24 लाख से अधिक मोबाइल कनेक्शन बंद

दूसरी तिमाही में स्पैम पर कार्रवाई कर ट्राई ने उठाया कदम



नयी दिल्ली। दूरसंचार नियामक ट्राई ने अवांछित वाणिज्यिक संचार (यूसीसी) पर अंकुश लगाने के लिए चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के दौरान 1.24 लाख से अधिक दूरसंचार संसाधनों के खिलाफ कार्रवाई की और 374 संस्थाओं को एक साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही की रिपोर्ट में कहा कि पहली बार नियमों का उल्लंघन करने पर 1,10,325 दूरसंचार संसाधनों की आउटगोइंग सेवाएं 15 दिन के लिए प्रतिबंधित कर दी गईं। वहीं, बार-बार उल्लंघन करने पर 13,777 मोबाइल कनेक्शन एक साल के लिए काट दिए गए। नियामक ने इस दौरान 3,725 एसएमएस हेडर भी ब्लॉक किए। इसके अलावा, संदेश भेजने वाली 374 संस्थाओं को एक साल के लिए प्रतिबंधित किया गया। इस अवधि में ये संस्थाएं नए दूरसंचार संसाधन हासिल नहीं कर सकेंगी। रिपोर्ट के मुताबिक, जुलाई-सितंबर तिमाही में ट्राई को अवांछित वाणिज्यिक संचार से संबंधित 15.29 लाख शिकायतें मिलीं, जिनमें से 7.23 लाख शिकायतों को कार्रवाई योग्य पाया गया। इस दौरान देश के दूरसंचार नेटवर्क से 714.01 अरब कॉल और 702.28 अरब एसएमएस भेजे गए। शिकायतों की दर प्रति 10 लाख आउटगोइंग कॉल पर लगभग 2.14 रही। स्पैम की शिकायत दर्ज कराने के लिए ट्राई का 'डू नॉट डिस्टर्ब' (डीएनडी) ऐप सबसे प्रमुख माध्यम बना रहा। कुल शिकायतों में से 14.21 लाख यानी 92.9 प्रतिशत शिकायतें इसी ऐप के जरिये दर्ज की गईं। इस ऐप को 30 सितंबर तक 42.36 लाख बार डाउनलोड किया जा चुका था। ट्राई ने बताया कि दूरसंचार कंपनियों द्वारा तैनात कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित प्रणालियों ने तिमाही के दौरान 19.9 अरब इनकमिंग कॉल और एसएमएस को संभावित स्पैम के रूप में चिह्नित किया। इनमें 18.28 अरब कॉल और 1.62 अरब एसएमएस शामिल हैं। दूरसंचार कंपनियों ने संदिग्ध स्पैम भेजने वाली संस्थाओं को 45.9 लाख से अधिक चेतावनी संदेश भी जारी किए।

छठ को लेकर सनफीस्ट मॉम्स मैजिक का अभियान

पटना। छठ पर सनफीस्ट मॉम्स मैजिक अपने अभियान 'हर घर की छठी मैया' के माध्यम से माताओं के प्रेम और समर्पण को सम्मान दे रहा है। इस अभियान का संदेश है -इस छठ, छठी मैया को नमन। और मां को प्रणाम। इस विश्वास के साथ कि हर घर में अपनी छठी मैया होती हैं, यह अभियान परिवारों को 'माँ को प्रणाम' नामक एक इंटरैक्टिव डिजिटल अनुभव के ज़रिए अपना आभार व्यक्त करने के लिए आमंत्रित करता है। इसमें प्रतिभागी छठ से जुड़ी अपनी किसी यादगार स्मृति को साझा कर सकते हैं, अपनी पसंद का संदेश लिख सकते हैं और मधुबनी कला से प्रेरित एक डिजिटल स्मृति-चित्र (कीपसेक) तैयार कर सकते हैं।

इंडेल मनी का लाभ में बढ़ोत्तरी

मुंबई। इंडेल ग्रुप का हिस्सा और गोल्ड लोन क्षेत्र की अग्रणी नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी इंडेल मनी लिमिटेड ने सितंबर 2026 को समाप्त तिमाही के अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। कंपनी ने 79.98 करोड़ रुपये का प्रॉफिट आफ्टर टैक्स दर्ज किया है, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही की तुलना में 222 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर्शाता है। कंपनी के निदेशक मंडल ने 5 नवंबर 2026 को इन परिणामों को मंजूरी दी।

मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने किया विस्तार

लखनऊ। मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने महानगर और पत्रकारपुरम में दो नए शोरूम लॉन्च कर अपनी रिटेल उपस्थिति का विस्तार किया है। इन नए शोरूम के साथ ब्रांड ने उत्तर प्रदेश के बाजार में अपनी मौजूदगी को और मजबूत किया है। साथ ही, शहरभर के ग्राहकों के लिए अपने विस्तृत ज्वेलरी पोर्टफोलियो को और सुलभ बनाया है।

सरकार ने चावल, धान के भंडार का ऑनलाइन ब्योरा देने के लिए पोर्टल शुरू किया

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने व्यापारियों, खुदरा एवं थोक विक्रेताओं, प्रसंस्करणकर्ताओं और मिल मालिकों सहित सभी संबंधित इकाइयों के लिए चावल तथा धान के भंडार का ऑनलाइन ब्योरा देने वाला पोर्टल शुरू किया है। इस कदम का उद्देश्य जमाखोरी रोकना और कीमतों पर नियंत्रण रखना है। सरकार के छह नवंबर को जारी आदेश के तहत, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के व्यापारियों, थोक एवं खुदरा विक्रेताओं, बड़ी खुदरा दुकानों, प्रसंस्करणकर्ताओं और मिल मालिकों को चावल एवं धान के भंडार की जानकारी छह श्रेणियों में देनी होगी। इनमें बासमती चावल, गैर-बासमती प्रीमियम चावल, गैर-बासमती चावल, उसना चावल, टूटे चावल और धान शामिल हैं। खाद्य मंत्रालय ने शनिवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि इस उद्देश्य से खाद्य भंडार घोषणा पोर्टल शुरू कर दिया गया है। आदेश के मुताबिक, भंडार रखने वाली सभी इकाइयों को हर शुक्रवार को खाद्य भंडार पोर्टल पर अपने भंडार का ब्योरा अद्यतन करना होगा। पोर्टल पर पंजीकरण नहीं कराने या निर्धारित भंडार सीमा का उल्लंघन करने वाली इकाइयों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा छह और सात के तहत कार्रवाई की जाएगी। केंद्र सरकार चावल की उपलब्धता बढ़ाने के लिए भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नाफेड), राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ (एनसीसीएफ) और केंद्रीय भंडार को 'भारत चावल' के रूप में बिक्री के लिए अतिरिक्त चावल आवंटित कर रही है। सरकार ने इन संस्थाओं से विशेष रूप से दक्षिणी राज्यों में वितरण के सभी संभावित माध्यम तलाशने को कहा है।

महिन्द्रा एक्सयूवी 3एक्सओ ज़ेडएनजी को भारत एनसीएपी में 5-स्टार सुरक्षा रेटिंग मिली

मुम्बई। महिन्द्रा एंड महिन्द्रा लिमिटेड ने घोषणा की कि एक्सयूवी 3एक्सओ ज़ेडएनजी ने भारत न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम (भारत एनसीएपी) में 5-स्टार सुरक्षा रेटिंग हासिल की है। इसके साथ ही यह इस उपलब्धि को हासिल करने वाली भारत की पहली सब-कॉम्पैक्ट सीएनजी एसयूवी बन गई है।एक्सयूवी 3एक्सओ ज़ेडएनजी ने वयस्क यात्री सुरक्षा में 32 में से 29.36 अंक और बाल यात्री सुरक्षा में 49 में से 45 अंक हासिल किए। यह उपलब्धि एक्सयूवी 3एक्सओ की सुरक्षा साख को और मजबूत करती है, जिसे नवंबर 2024 में 5-स्टार भारत एनसीएपी रेटिंग मिली थी। इस एसयूवी में 35 से अधिक मानक सुरक्षा सुविधाएं दी गई हैं, जिनमें छह एयरबैग, इलेक्ट्रॉनिक स्थिरता नियंत्रण और आईएसओफिक्स चाइल्ड-सीट माउंट शामिल हैं।

एचडीएफसी म्यूचुअल फंड ने एसआईएफ क्षेत्र में प्रवेश किया

मुम्बई। भारत की म्यूचुअल फंड कंपनियों में से एक, एचडीएफसी म्यूचुअल फंड ने आज अपने एसआईएफ मंच एच-एसआईएफ के शुभारंभ के साथ विशेष निवेश कोष (एसआईएफ) क्षेत्र में प्रवेश की घोषणा की। इसकी पहली निवेश रणनीति एच-एसआईएफ हाइब्रिड लॉन्ग-शॉर्ट फंड है। यह एक ऐसी रणनीति है जो एक तय समय के लिए निवेश के अवसर देती है, जिसमें शेयर और कर्ज प्रतिभूतियों में निवेश किया जाएगा। इसके अलावा, डेरिवेटिव्स के ज़रिए शेयर और कर्ज में सीमित शॉर्ट पोजीशन भी ली जाएंगी। नया फंड ऑफर (एनएफओ) 13 नवंबर को खुल चुका है और जो 27 नवंबर, को बंद होगा।

कॉर्पोरेट जगत में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का आह्वान




मुम्बई। कॉरपोरेट जगत में लैंगिक विविधता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का आह्वान करते हुए, वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने सभी क्षेत्रों के संगठनों से ऐसे समावेशी कार्यस्थल तैयार करने की आवश्यकता पर जोर दिया है, जहाँ महिलाएँ आगे बढ़ सकें, नेतृत्व कर सकें और भारत की आर्थिक प्रगति में योगदान दे सकें। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्क पर साझा किए गए अपने संदेश में श्री अग्रवाल ने कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के प्रति वेदांता की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए कहा कि कंपनी ने मैनेजमेंट के हर स्तर पर कम से कम 35 प्रतिशत महिला प्रतिनिधित्व अनिवार्य किया है। वेदांता में अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा कि महिलाएँ अपनी विशिष्ट क्षमताओं, नए दृष्टिकोण और नेतृत्व की अलग शैली के माध्यम से संगठनों को महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। वे कार्यस्थल पर नए विचार लेकर आती हैं और हर स्तर पर उत्पादकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि महिलाएँ समान कार्य के लिए समान वेतन और करियर में आगे बढ़ने के उचित अवसरों की हकदार हैं।

जावा येज़्दी और बीएसए मोटरसाइकिल्स ने ईआईसीएमए 2026 में छोड़ी अपनी

मुम्बई। जावा येज़्दी और बीएसए मोटरसाइकिल्स ने ईआईसीएमए 2026 में छोड़ी अपनी छाप भारत की सबसे युवा मोटरसाइकिल कंपनियों में से एक, जावा येज़्दी और बीएसए मोटरसाइकिल्स ने ईआईसीएमए 2026 में अपनी लगातार तीसरी उपस्थिति के दौरान अपने अंतरराष्ट्रीय पोर्टफोलियो के अगले चरण को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर दो नई बीएसए 350 सीसी मोटरसाइकिलों का वर्ल्ड प्रीमियर किया गया, साथ ही प्रोडक्शन के लिए तैयार थंडरबोल्ट 350और पूरी बीएसए रेंज में नए रंगों को भी पेश किया गया। यह प्रदर्शनी एक भारतीय निर्माता की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति को दर्शाती है, जो अपनी मॉडर्न क्लासिक बाइक्स को दुनिया भर के नए राइडर्स तक पहुँचा रहा है। क्लासिक लीजेंड्स के सह-संस्थापक, अनुपम थरेजा ने कहा, हम भारत से एक वैश्विक मोटरसाइकिल कंपनी का निर्माण कर रहे हैं, और इसका अर्थ है ऐसी मोटरसाइकिलें बनाना जो अपने ब्रांड की मूल पहचान के प्रति सच्ची रहें और साथ ही हर उस बाज़ार के राइडर्स के लिए प्रासंगिक बनी रहें जहाँ हम प्रवेश करते हैं। विरासत हमें एक मज़बूत आधार देती है, लेकिन उत्पाद और ओनरशिप के अनुभव को उस वादे पर खरा उतरना ही होगा।

टायरा बैंक्स ने न्यूयॉर्क में दिवाली उत्सव की रंगत बढ़ाई

मुम्बई। न्यूयॉर्क में आयोजित एक भव्य दिवाली उत्सव में सुपरमॉडल और टेलीविजन होस्ट टायरा बैंक्स ने कल्याण ज्वेलर्स के आभूषणों से सजे अपने लुक से सभी को आकर्षित किया। ग्लोबल फैशन आइकॉन टायरा बैंक्स ने इस शाम के लिए पहली बार पूरी तरह से भारतीय लुक चुना। उनके ये आभूषण कल्याण ज्वेलर्स के न्यू जर्सी शोरूम से खास तौर पर मंगवाए गए थे। पारंपरिक ओपन-सेटिंग प्राकृतिक हीरों से तैयार किए गए, हाथ से बने अनूठे आभूषणों के कलेक्शन में एक चोकर, झुमके, मांग टीका, ओड्डियानम (कमरबंद) और अंगूठी शामिल थी।



भारत को सेमीकंडक्टर के लिए अपनी मशीन कलपुर्जों के विनिर्माण की जरूरत-वैष्णव

बेंगलुरु। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि भारत को सेमीकंडक्टर उत्पादन के लिए अपनी मशीनें और बहुत सटीक कलपुर्जों का विनिर्माण करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार इस क्षेत्र में मजबूत घरेलू परिवेश विकसित करने की दिशा में काम कर रही है। कर्नाटक स्थित पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया कि इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी, सूचना एवं प्रसारण तथा रेल मंत्री वैष्णव ने बेंगलुरु स्थित एथेरियल मशीन्स की विनिर्माण इकाई के दौरे के बीच यह बात कही। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार देश में मजबूत सेमीकंडक्टर परिवेश विकसित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना के अनुरूप आत्मनिर्भर भारत की भावना के तहत यह जरूरी है कि भारत सेमीकंडक्टर विनिर्माण के लिए आवश्यक मशीनों और बहुत सटीक कलपुर्जों का विकास एवं उत्पादन खुद करे। मंत्री ने कहा कि एथेरियल मशीन्स की इकाई उन्नत मशीनों और उच्च

डॉ राम मनोहर लोहिया उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी
सी जी सिटी, सुल्तानपुर रोड, लखनऊ

प्रेस-विज्ञप्ति

डॉ० राम मनोहर लोहिया उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबन्धन अकादमी, लखनऊ हेतु DILRMP 3-0 के अंतर्गत स्थापित होने वाले Centre of Excellence in Land Administration Management के अंतर्गत विषय विशेषज्ञों हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक आवेदक अकादमी की वेबसाइट www.upati.gov.in पर आवेदन प्रेषित कर सकते हैं। उक्त से संबंधित विस्तृत विवरण अकादमी की वेबसाइट www.upati.gov.in पर उपलब्ध है। ऑफलाइन आवेदन किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किए जायेंगे। आवेदन प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि 05-12-26 निर्धारित है।

(प्रिया सिंह)
उप निदेशक
उ0प्र0 261025 दि. 14.11.2026
www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है। उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी लखनऊ

एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक दे रहा बेहतर ब्याज दर

मुम्बई। इस त्योहारी सीजन में आकर्षक एफडी दरों और लचीले कार्यकाल विकल्पों के साथ अपनी बचत को और अधिक फायदेमंद बनाएं। यह सुविधा आम ग्राहकों और वरिष्ठ नागरिकों दोनों के लिए उपलब्ध है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से यूनिवर्सल बैंक बनने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी पाने वाला भारत का पहला स्मॉल फाइनेंस बैंक एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक इस त्योहारी सीजन को और भी फायदेमंद बना रहा है। बैंक फिक्स्ड डिपॉजिट पर आकर्षक ब्याज दरें दे रहा है।

मेकमाई ट्रिप ने की ट्रैवल का मुहूर्त सेल के दूसरे संस्करण की घोषणा

मुम्बई। मेकमाईट्रिप ने आज घोषणा की कि साल के आखिर में छुट्टियों की योजना बना रहे यात्रियों के लिए ट्रैवल का मुहूर्त सेल का दूसरा संस्करण 14 नवंबर से शुरू हो रहा है। इसमें हिस्सा लेने वाले पार्टनर्स में ठहरने की 30,000 से ज्यादा घरेलू और 3,500 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय प्रॉपर्टी शामिल हैं। इनमें होटल चेन, रिसॉर्ट, इंडिपेंडेंट होटल, होमस्टे और विला हैं। इनके अलावा 35 घरेलू और अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस और 8 बैंक भी साथ आए हैं । राज ऋषि सिंह मेकमाईट्रिप के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर कॉरपोरेट, फ्लाइट्स, जीसीसी और मार्केटिंग ने कहा भारत में शॉपर्स फेस्टिव सेल का इंतजार करते हैं और हमारा मानना है कि ट्रैवल के लिए भी प्लानिंग का एक अलग सीजन होना चाहिए। दूसरे एडिशन के साथ हमारा फोकस इसे सिर्फ एक और सेल से आगे ले जाना है और भारत के यात्रियों को वह भरोसा देना है जिससे वे छुट्टी के बारे में सोचने से आगे बढ़कर उसे बुक कर सकें। हम चाहते हैं कि ट्रैवल का मुहूर्त सेल कैलेंडर में एक तय तारीख बन जाए जब यात्रियों को पता हो कि वे कई तरह की बचत के साथ अपने साल के अंत की छुट्टियों की प्लानिंग कर सकते हैं और हमारे पार्टनर्स को पीक सीजन की मांग का अंदाजा इतनी जल्दी मिल जाए कि वे उसकी तैयारी कर सकें। साल के अंत में यात्रा के साथ अक्सर कीमतों की चिंता भी जुड़ी होती है, क्योंकि यात्रियों को दिसंबर में बढ़ती कीमतों और सीमित उपलब्धता की आशंका रहती है। %ट्रैवल का मुहूर्त सेल% उन्हें पहले से प्लानिंग करने और पूरे भरोसे के साथ बुकिंग करने के लिए एक खास बुकिंग विंडो देती है, जिसमें फ्लाइट, होटल, होमस्टे, हॉलिडे पैकेज, बस, कैब, ट्रेन, टूर्स और अट्रैक्शंस, फॉरेक्स तथा वीजा सर्विसेज पर डील्स मिलेंगी।

करम सेफ्टी ने किया सुरक्षा जूतों का विस्तार

नई दिल्ली। करम सेफ्टी अपने सुरक्षा जूतों की श्रृंखला का विस्तार ऐसे जूतों के साथ कर रही है जो सुरक्षा के साथ-साथ आरामदायक और आकर्षक भी हैं। निरंतर अनुसंधान एवं विकास, आधुनिक विनिर्माण प्रक्रियाओं और गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशालाओं में कड़े परीक्षणों के आधार पर तैयार की गई यह श्रृंखला, लंबे समय तक काम करने वाले कर्मचारियों की दो प्रमुख समस्याओं पैरों में असहजता और भारी-भरकम, साधारण डिजाइन का समाधान करने के उद्देश्य से विकसित की गई है।

भारत-अफ्रीका के बीच व्यापक व्यापार रूपरेखा की जरूरत

काहिरा। उद्योग मंडल फिक्की ने भारत-अफ्रीका के बीच व्यापार, निवेश और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने के मकसद से व्यापक व्यापार व्यवस्था विकसित करने की जरूरत बताई है। फिक्की ने शनिवार को कहा कि अधिक स्पष्ट और भरोसेमंद व्यापार रूपरेखा दोनों क्षेत्रों के बीच आर्थिक साझेदारी को नई गति दे सकती है। फिक्की के महासचिव अनंत स्वरूप ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत और अफ्रीका के बीच द्विपक्षीय व्यापार 93.6 अरब डॉलर तक पहुंच गया। ऐसे में दोनों क्षेत्रों के आर्थिक संबंध महत्वपूर्ण स्तर पर हैं। उन्होंने कहा भारत-अफ्रीका के बीच व्यापक व्यापार व्यवस्था की संभावनाएं तलाशने की जरूरत है।

माइक्रोफाइनेंस के भविष्य और पुनर्संरचना पर होगा मंथन

लखनऊ में जुटेंगे देश के प्रमुख वित्तीय विशेषज्ञ, 16 को होगा उपमा का वार्षिक अधिवेशन



लखनऊ। माइक्रोफाइनेंस क्षेत्र को अधिक सुदृढ़, पारदर्शी एवं दीर्घकालिक रूप से टिकाऊ बनाने के उद्देश्य से माइक्रोफाइनेंस एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश (उपमा) द्वारा आगामी 16 नवंबर को लखनऊ के होटल ताज में अपना नौवां वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में देश के जाने-माने वित्तीय विशेषज्ञ, बैंकिंग क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारी, माइक्रोफाइनेंस संस्थानों के प्रमुख एवं नीति निर्धारक एक मंच पर जुटेंगे और माइक्रोफाइनेंस क्षेत्र की चुनौतियों, संभावनाओं तथा भविष्य की दिशा पर व्यापक विचार-विमर्श करेंगे। सम्मेलन का मुख्य विषय एक स्थायी एवं दीर्घकालिक माइक्रोफाइनेंस व्यवस्था की पुनर्संरचना% निर्धारित किया गया है। इस विषय पर विशेष राउंड टेबल चर्चा एवं परिचर्चा भी आयोजित होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज कुमार सिंह (आईएएस), पूर्व मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन एवं वर्तमान सीईओ, स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन होंगे। सम्मेलन के मुख्य वक्ता भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व उप गवर्नर एम. राजेश्वर राव तथा प्रोफेसर एम.एस. श्रीराम, भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), बेंगलुरु होंगे। इस सम्मेलन में विभिन्न माइक्रोफाइनेंस कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ नाबार्ड, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), सिडबी, भारतीय स्टेट बैंक तथा बैंक ऑफ बड़ौदा के वरिष्ठ अधिकारी भी सहभागिता करेंगे।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड-अयोध्या

पत्रांकः-1476/न.नि.ख.अयो./अधि0अभि0/निविदा/2026-27/ दिनांक 06 नवम्बर, 2026

अल्पकालीन निविदा संख्या-36/अधि0अभि0/2026-27

महामहिम राज्यपाल महोदया उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा नलकूप मण्डल गोण्डा के अन्तर्गत जनपद बलरामपुर, बहराइच एवं श्रावस्ती में 1.5 क्यूसेक क्षमता के 18 अदद असफल राजकीय नलकूपों के पुनःनिर्माण की परियोजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु मुहरबंद पृथक-पृथक अल्पकालीन निविदाएं उत्तर प्रदेश सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से दिनांक 27.11.2026 को पूर्वाह्न 11:30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। मुहरबंद निविदाएं दिनांक 27.11.2026 को प्रातः 11:30 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड अयोध्या के कार्यालय में रखे गये निविदा बॉक्स में डाली जा सकती हैं। प्राप्त निविदाएं दिनांक 27.11.2026 को उपस्थित निविदादाताओं/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष अपराह्न 02:00 बजे से अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड अयोध्या के कार्यालय में खोली जायेंगी। निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के अनुपस्थित होने पर, निविदा खुलने के समय में कोई भी परिवर्तन किया जाना सम्भव नहीं होगा। निविदा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनांक 19.11.2026 पूर्वाह्न 10:00 बजे से दिनांक 26.11.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में निर्धारित मूल्य भुगतान कर प्राप्त की जा सकती हैं। कार्यों के सम्बन्ध में विशेष शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध करायी जायेंगी।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	मात्रा (नग)	कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (रू0 में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य+ जी0एस0टी0 (रू0 में)+ स्टेश्नरी	कार्य को पूर्ण करने की अवधि	पंजी कृत श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
Lot No. 01	Supply and carriage of pea gravel 2.00mm to 3.35 mm size from Lalkuan to Dist. Bahraich store of TWCD Ayodhya including cost of royalty, loading, unloading and stacking at store excluding G.S.T.	115 घन मीटर	9.20	19000.00	225.00+ GST (नियमानुसार) + 500.00	120 दिवस	"A" अथवा उच्च श्रेणी

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड अयोध्या के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

(विजय कुमार वर्मा)
उ0प्र0 260897 दि. 13.11.2026 www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है। अधिशासी अभियन्ता

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड-अयोध्या

पत्रांकः-1480/न.नि.ख.अयो./अधि0अभि0/निविदा/2026-27/ दिनांक 06 नवम्बर, 2026

अल्पकालीन निविदा संख्या-40/अधि0अभि0/2026-27

महामहिम राज्यपाल महोदया उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा 1750 असफल राजकीय नलकूपों के पुनःनिर्माण की परियोजना (नाबार्ड पोषित) के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु मुहरबंद पृथक-पृथक अल्पकालीन निविदाएं उत्तर प्रदेश सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से दिनांक 27.11.2026 को पूर्वाह्न 11:30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। मुहरबंद निविदाएं दिनांक 27.11.2026 को प्रातः 11:30 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड अयोध्या के कार्यालय में रखे गये निविदा बॉक्स में डाली जा सकती हैं। प्राप्त निविदाएं दिनांक 27.11.2026 को उपस्थित निविदादाताओं/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष अपराह्न 02:00 बजे से अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड अयोध्या के कार्यालय में खोली जायेंगी। निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के अनुपस्थित होने पर, निविदा खुलने के समय में कोई भी परिवर्तन किया जाना सम्भव नहीं होगा। निविदा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनांक 19.11.2026 पूर्वाह्न 10:00 बजे से दिनांक 26.11.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में निर्धारित मूल्य भुगतान कर प्राप्त की जा सकती हैं। कार्यों के सम्बन्ध में विशेष शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध करायी जायेंगी।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	मात्रा	कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (रू0 में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य+ जी0एस0टी0 (रू0 में) + स्टेश्नरी	कार्य को पूर्ण करने की अवधि	पंजी कृत श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
Lot No. 01	Slotting of M.S. pipe 14" Ø of Slot size 1.58 X 76 mm in set of 4 slots having distance 3.5 mm slot to slots 6.5 mm Peripheral distance and 28 mm longitudional distance between 2 sets of slots on pipe length approx 6 mtr. at Ayodhya Store of TWCD Ayodhya & Threading of MS Pipe 14" Ø with 8TPI V-Thread as per Relevant ISS At Ayodhya Store. Including of Loading, Unloading and carriage. excluding G.S.T.	34 पाइप	8.26	17000.00	225.00 + GST (नियमानुसार) + 500.00	60 दिवस	"A" अथवा उच्च श्रेणी
Lot No. 02	Slotting of M.S. pipe 8" Ø of Slot size 1.58 X 76 mm in set of 4 slots having distance 3.5 mm slot to slots 6.5 mm Peripheral distance and 28 mm longitudional distance between 2 sets of slots on pipe length approx 6 mtr. at Ayodhya Store of TWCD Ayodhya & Threading of MS Pipe 8" Ø with 8TPI V-Thread as per Relevant ISS At Ayodhya Store. Including of Loading, Unloading and carriage. excluding G.S.T.	77 पाइप	8.37	17000.00	225.00 + GST (नियमानुसार) + 500.00	60 दिवस	"A" अथवा उच्च श्रेणी

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड अयोध्या के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है।

(विजय कुमार वर्मा)
उ0प्र0 260902 दि. 13.11.2026 www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है। अधिशासी अभियन्ता

स्वामी ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक ओमप्रकाश शुक्ला द्वारा आज यंत्रालय १, जापलिंग रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक
शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक
हरिन्दर सिंह साहनी

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग, **गोरखपुर** : बैंक रोड, **इलाहाबाद** : 3, लीडर रोड, **कानपुर** : बासमंडी, **झांसी** : गांधी भवन के सामने, **आगरा** : महात्मा गांधी मार्ग, **बरेली** : परसा खेड़ा रोड नं. 3, **पटना** : फ्रेजर रोड, **रांची** : नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर**: कालीमाटी रोड

वर्ष-38 संख्या-13237
आर.एन.आई. नं. 47967/89
फोन-0522-2209312, 2209313
aaajlucknow@yahoo.com
aajlucknow@gmail.com
पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिये स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं MUJEEBULLAH SHAH अपना नाम बदलकर MUJIBULLAH कर लिया है। अतः आज से मुझे MUJIBULLAH पुत्र हबीबुल्लाह नाम से जाना पहचाना जाए। पता : नगरिया, बरमभरी, उतरौला बलरामपुर, उ0प्र0। नोटः पुराना नाम : MUJEEBULLAH SHAH नया नाम : MUJIBULLAH

सूचना
मैं VINEET KUMAR JAISWAL पुत्र अमृत लाल जायसवाल निवासी 439/56/1 ए नैपियर रोड पार्ट -2 निकट डॉ मनीष अग्रवाल क्लिनिक ठाकुर गंज लखनऊ का हूं मैने अपना नाम VINEET KUMAR JAISWAL से बदलकर VINEET JAISWAL रख लिया है अब भविष्य में मुझे VINEET JAISWAL के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैं श्री DUSHYANT B GANDHI S/O MAHESH CHAND अपना नाम बदलकर SONU KUMAR कर लिया है। भविष्य में मुझे SONU KUMAR नाम से जाना और पहचाना जाए। पताः बाग खिन्नी का महल, ताजगंज, आगरा, उत्तर प्रदेश 282001 नोटः पुराना नाम DUSHYANT B GANDHI नया नाम SONU KUMAR

सूचना
मेरे मकान सं0-ई0-484, रवि खण्ड शारदा नगर का मूल आवंटन पत्र एवं कब्जा पत्र दिनांक-01/11/2026 को मार्केट में फोटो कॉपी कराने गया था वापस आते समय रास्ते में कहीं गिर गया है यदि उसका कोई गलत इस्तेमाल करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। घनश्याम मौर्य पुत्र रजित राम मौर्य निवासी-म0सं0-ई-1/912, कानपुर रोड पानी की टंकी, सेक्टर-एच0, एल0डी0ए0 कॉलोनी लखनऊ उ0प्र0-226012

सूचना
मैं ऐशवी श्रीवास्तव पुत्री संजय श्रीवास्तव, निवासिनी-1/234 जानकीपुरम् विस्तार, सेक्टर-1, लखनऊ सूचित करती हूँ कि LIC पॉलिसी सं०-236175108 में मेरा नाम रिया श्रीवास्तव अंकित है, जबकि आधार कार्ड में ऐशवी व बैंक में ऐशवी श्रीवास्तव अंकित है। रिया श्रीवास्त